श्याम की कृपा से हुआ है नाम मेरा भजन लिरिक्स

श्याम की कृपा से,
हुआ है नाम मेरा,
खुद आकर सांवरिया,
करे हर काम मेरा,
श्याम की किरपा से।bd।

श्याम नाम की करूँ चाकरी,
मौज में जीवन काटूँ,
खुद रसपान करूँ भजनों का,
और मैं सबको बाटूँ,
श्याम की सेवा का,
ये है ईनाम मेरा,
खुद आकर सांवरिया,
करे हर काम मेरा,
श्याम की किरपा से।bd।

ना सोचा था मुझको कभी,
ऐसा दरबार मिलेगा,
श्याम प्रेमियों का भी मुझको,
इतना प्यार मिलेगा,
श्याम के होते कभी,
घटे ना मान मेरा,
खुद आकर सांवरिया,
करे हर काम मेरा,
श्याम की किरपा से।bd।

चाहे हो कोई भी संकट,
या फिर मन घबराये,
देकर झाड़ा मोरछड़ी का,
पल में कष्ट मिटाये,
कहे हक़ से 'शिवम',
सहारा श्याम मेरा,
खुद आकर सांवरिया,
करे हर काम मेरा,
श्याम की किरपा से।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्याम की कृपा से,
हुआ है नाम मेरा,
खुद आकर सांवरिया,
करे हर काम मेरा,
श्याम की किरपा से।bd।

Singer / Upload – Sakshi Agarwal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com